various aspects of land management on Railways including the organisation required for better land use.

(c) and (d) The railway land lying vacant or encroached upon at present is required for railways' future developmental works. It is proposed to explore the feasibility of commercially exploiting space over railway land and land presently lying vacant or encroached upon, without obstructing the use of the land by Railways when required, with a view to generating additional resources for Railways' developmental projects. The matter is in initial stages.

गुना-शिवपुरी-ग्वालियर भिण्ड-इटावा रेल लाइन

3210. **श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा गुना-शिवपुरी-ग्वालियर-भिण्ड-इटावा रेल लाइन को कब स्वीकृति दी गई थी ; इसकी अनुमानित लागत कितनी है और इस वर्ष के बजट में सरकार ने इस लाइन के लिए कितने बजट का प्रावधान किया है तथा इस पर अब तक कितना व्यय किया जा चुका है ; और

(ख) क्या इस रेल लाइन को बरेसिया होते हुए विदिशा तक बढ़ा दिये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) गुना-इटावा नई बड़ी लाइन के कार्य को 1985–86 में स्वीकृत किया गया था। इस परियोजना की अनुमानित लागत 233.37 करोड़ रुपये है। 1992–93 के दौरान 11.11 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है। दिसम्बर, 1991 तक 75.3 करोड़ रुपये (लगभग) खर्च किए गए हैं।

(ख) जी, नहीं।

मध्य प्रदेश में रेलवे का विकास

3211. **श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1992–93 के लिये रेलवे बजट में मध्य प्रदेश में रेल विकास के लिये कुल कितनी राशि के आवंटन का प्रावधान किया गया है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : विकासात्मक परिव्ययों के आबंटन को रेलवे बजट में कार्यकलापों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और उन्हें योजना शीर्ष कहा जाता है। इनका निर्धारण राज्यवार हद के आधार पर नहीं किया जाता।

दक्षिण पूर्व रेलवे का लाभ हानि प्रतिशत

3212. **श्री अजीत जोगी :**
श्री बेकल "उत्साही" :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1964 के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे की नैनपुर छोटी लाइन का लाभहानि प्रतिशत कितना था तथा 1991–92 में दक्षिण पूर्व रेलवे की नागपुर छोटी लाइन का अर्जित लाभ हानि प्रतिशत कितना था ;

(ख) क्या यह सच है कि संचालन को सुगम बनाने और घाटे को दूर करने के लिए एक मंडल कार्यालय नैनपुर में स्थापित किया जा रहा है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और यदि हां, तो कब तक ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) नैनपुर और नागपुर दक्षिण पूर्व रेलवे के छोटी लाइन प्रणाली के स्टेशन हैं। इस समय इस रेलवे के 1964 के इतने पुराने वित्तीय परिणाम उपलब्ध नहीं हैं। वित्त वर्ष 1991–92 अभी समाप्त नहीं हुआ है। तथापि